**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक: 06 नवंबर 2025**

पी.एम. श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, जिला जींद (हरियाणा) के विद्यार्थियों का होटल प्रबंधन संस्थान, यमुनानगर में शैक्षिक भ्रमण

पी.एम. श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय, जिला जींद (हरियाणा) के विद्यार्थियों ने आज होटल प्रबंधन संस्थान (आई.एच.एम.), यमुनानगर का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य श्री धनी राम शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री रजत गुप्ता, प्राचार्य इंचार्ज, एवं श्री कन्हैया कुमार, प्राध्यापक, होटल प्रबंधन संस्थान, यमुनानगर द्वारा समस्त अध्यापकगण, विद्यार्थी एवं विद्यालय के अन्य कार्मिकों की उपस्थिति में किया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनि क खानपान तकनीकों, स्वच्छता मानकों, आतिथ्य प्रबंधन एवं रोजगार के अवसरों से परिचित कराना था, ताकि वे व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर अपने भविष्य को और अधिक उज्ज्वल बना सकें। इस अवसर पर श्री रजत गुप्ता (प्रिंसिपल इंचार्ज) ने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य श्री धनी राम शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा - "आज का युवावर्ग हुनरमंद है, परंतु उसे उचित मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता है। होटल प्रबंधन संस्थान, यमुनानगर इस दिशा में युवाओं को कुशल, आत्मनिर्भर और रोजगारोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"

संस्थान में आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन विषय में स्नातक (B.Sc.) तथा डिप्लोमा सहित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित हैं। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु एनसीएचएमसीटी (राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग प्रौद्योगिकी परिषद) द्वारा एनटीए के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एनसीएचएम–जेईई) आयोजित की जाती है। भारत सरकार के निर्णयानुसार, स्नातक कक्षाओं में प्रवेश केवल इसी परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा।

आई.एच.एम., यमुनानगर का प्लेसमेंट रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है। यहां के छात्र-छात्राएं अपने उन्नत प्र शिक्षण, व्यावसायिक योग्यता एवं अनुशासन के बल पर देश-विदेश के प्रतिष्ठित पांच सितारा होटलों, रेस्टोरेंट श्रृंखलाओं, व्यावसायिक संस्थानों एवं अन्य सेवा क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। संस्थान के विद्यार्थियों को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जे.एन.यू.) द्वारा डिग्री प्रदान की जाती है, जो कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एवं एनसीएचएम के मध्य हुए विशेष समझौते के अंतर्गत संभव हुआ है। इस अवसर पर संस्थान से डॉ. श्रीमती कमल दहिया, विरेन्द्र, राकेश एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।